सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन नैनीताल/रामनगर दिनांक 01 जून, 2023

रामनगर भ्रमण के दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार और राजस्व उपनिरीक्षक से बैठक कर स्थानीय समस्याओं व चुनौतियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

राज्यपाल ने हाल ही में सम्पन्न जी–20 सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा की सभी विभागीय अधिकारियों ने आपसी समन्वय और एक बेहतर टीम भावना से कार्य किया है जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा की इन सभी अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं और कार्य किए गए हैं जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं।

राज्यपाल ने कहा कि जी–20 के सफल आयोजन ने रामनगर को विश्व पर्यटन मानचित्र में स्थापित किया है इससे यहां की पर्यटन गतिविधियां बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा की जी–20 आयोजन में की गई व्यवस्थाओं व कार्यों को डॉक्यूमेंट किया जाए। उन्होंने कहा जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई और प्रोत्साहन दिया जाना ज़रूरी है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से रामनगर में पर्यटन के विस्तार की संभावनाओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर, उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, पर्यटन अधिकारी विजेंद्र पांडे, तहसीलदार बी. सी पंत, राजस्व उप निरीक्षक तारा चंद्र घिल्डियाल आदि उपस्थित रहे।

..........0..........

राजभवन सूचना परिसर, नैनीताल उत्तराखण्ड मो0–9456590619 टे0/फै0 05942–235001–3